Chapter- 1

भाषा और व्याकरण

STUDY NOTES

- **परभिाषा-**

  एक दूसरे तक अपनी बात पहुचाने का साधन भाषा कहलाता है।

- **भाषा के दो रूप है।**



१. **मौखिक भाषा:** सुनकर तथा बोलकर अपने भाव व विचार प्रकट करना भाषा का मौखिक रूप कहलाता है।

उदाहरण: बातचीत, मोबाइल, समाचार सुनना आदि।

२. **लिखित भाषा:** जब पढ़कर तथा लिखकर मन के भावों तथा विचारों को प्रकट किया जाता है, तो वह भाषा का लिखित रूप कहलाता है।

उदाहरण: समाचार पत्र, पुस्तक, कम्प्युटर आदि।

- **लिपि**: भाषा को लिखने के लिए निर्धरित चिह्नों को लिपि कहते है।

उदाहरण:			
	हिन्दी	-	देवनागरी
	पंजाबी	-	गुरूमुखी
	उर्दू	-	फ़ारसी
	अंग्रजी	-	रोमन

- **व्याकरण:** भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, पढ़ना और लिखना सिखाने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते हैं।

आइए अब लिखें :

१. उचित शब्दों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्य पूरे कीजिए।

क) भाषा के दो रूप मौखिक और **लिखित** होते हैं।

ख) टेलीफोन भाषा का **मौखिक** रूप है।

ग) लिखने के लिए निर्धारित चिह्न **लिपि** कहलातें है।

घ) व्याकरण हमें भाषा के **शुद्ध** रूप का ज्ञान कराता है।

ङ) फ्रांस के लोग **फ्रेंच** और गुजरात के लोग **गुजराती** भाषा बोलते हैं।

२. वाक्यों के सामने सही (✓) या गलत (✕) का चिह्न लगाइए।

क) उर्दू भाषा की लिपि देवनागरी है। (✕)

ख) हमारी राजभाषा हिन्दी है। (✓)

ग) भाषा के तीन रूप होते हैं। (✕)

घ) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाला शास्त्र व्याकरण हैं। (✓)

ङ) जब हम आपस में बात करते हैं तो वह भाषा मौखिक रूप कहलाता हैं। (✓)

३. निम्नलिखित स्थितियों में भाषा का कौन-सा रूप प्रयोग होता है?

क) चर्चा के दौरान	**मौखिक**
ख) दूरदर्शन पर	**मौखिक**
ग) ट्रैफिक संचालन के दौरान	**मौखिक / सांकेतिक**
घ) पत्र-पत्रिकाओं में	**लिखित**

४. उचित मिलान कीजिए।

भाषा	**लिपि**
क) हिन्दी	रोमन
ख) अंग्रेजी	देवनागरी
ग) उर्दू	बांगला
घ) बांगला	गुरूमुखी
ङ) पंजाबी	फ़ारसी

♦♦♦